Total number of printed pages – 5

32 Hel 3(iii)/25

**2025**

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड है : क, ख, ग, घ, ङ, चं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड – 'क'

**(पद्य – 8+12 = 20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) ये उपमान मैले हो गए हैं।
देवता इन प्रतीकों के क़र गए हैं कूच।
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।

अथवा

(ख) होटलों, फैक्टरियों, गोदामों, खेतों के
चक्रव्यूह में फँसते हैं बच्चे बेखबर।
प्यारो, इन पिंजड़ों में तुम्हारा पंख फड़फड़ाना
निरर्थक है, इस ऐसे देश में।

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

2. दीन सबन को लखत है, दीनहिं लखै न कोय।
जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबंधु सम होय।।

— उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

3. कवि किसके साथ और कैसे आकाश में विलीन हो जाता है? स्पष्ट कीजिए। 3

4. कवि को विशेष प्रकार की तलवार की आवश्यकता क्यों है? 2

5. हरति सब आरती आरती राम की।
दहन दुख दोष, निर्मूलिनी काम की।।

— उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

6. रहीम ने जिह्वा को बावरी क्यों कहा? 1

7. महिषासुर कौन था? 1

8. 'काश्मीर' कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) अज्ञेय
(ख) गोपाल कृष्ण अडिग
(ग) भवानी प्रसाद मिश्र
(घ) केदारनाथ अग्रवाल

**खण्ड - 'ख'**

**(गद्य - 25 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) जिस संघर्ष के लिए हमने अपने को दिया है, उसके बीच यह आपसी सुख उठा लेना भी चोरी करने जैसा हो जाता है। लगता है हमें यह हक नहीं है।

अथवा

(ख) आज हम यही संकल्प लें कि स्त्री के प्रति हम अन्याय नहीं होने देंगे, जो शोषित है, पीड़ित है उसके प्रति हम कभी भी अन्याय नहीं होने देंगे।



Scanned with OKEN Scanner

10. (क) 'मानसरोवर के हंस' कहानी अथवा (ख) 'ठेले पर हिमालय' निबंध का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

11. मातृभाषा के सम्बन्ध में लेखक चाओबा का विचार स्पष्ट कीजिए। 4

12. दुर्योधन ने यह कैसे सिद्ध किया कि युधिष्ठिर की न्यायप्रियता वास्तव में उसकी स्वार्थपरता थी? 3

13. हिमालय की बर्फ को 'चिरन्तन हिम' क्यों कहा जाता है? 2

14. "तुम राज्य चाहते थे, वह मैंने दे दिया। मेरे प्राण चाहते थे, वे भी मैंने दे दिए। अब क्या लेने आए हो मेरे पास?"

— उपर्युक्त कथन किसका है? 1

(क) युधिष्ठिर का (ख) दुर्योधन का

(ग) धृतराष्ट्र का (घ) भीम का

15. 'सलामी फौज' में कितने सिपाही थे? 1

(क) सौ (ख) डेढ़ सौ

(ग) दो सौ (घ) तीन सौ

## खण्ड - 'ग'

## (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

16. 'सोना' पाठ के आधार पर लेखिका के पशुपक्षी-प्रेम का चित्रण कीजिए। 4

17. मणिपुर को 'छोटा-सा भारत' क्यों कहा जाता है? 3



Scanned with OKEN Scanner

18. गांधीजी को 'जीती-जागती शक्ति' क्यों कहा गया? 2

19. ऐतिहासिक घटनाऔं के माध्यम से मणिपुरी संस्कृति के कितने भाग हैं? उन भागों का नाम लिखिए। 2

20. लेखिका को अचानक हिरण सोना की स्मृति कैसे हो आई? 1

21. किसके डर से माली ने सोना को रस्सी से बाँध रखा? 1

22. कर्म के बारे में गीता में क्या कहा गया है? 1

23. गांधीजी कौन-सी बात पर विश्वास करते थे? 1

(क) अहिंसा पर

(ख) सत्य पर

(ग) सत्य और अहिंसा पर

(घ) सभी धर्मो की मूलभूत एकता पर

**खण्ड - 'घ'**

**(वाचन - 10 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 24 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 26 से 30 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

24. टिप्पण किसे कहते हैं? टिप्पण-लेखन के उद्देश्य क्या-क्या हैं? 3

25. टिप्पण लेखन में क्या-क्या लिखना आवश्यक हैं? 2

26. Governor को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

27. Directorate को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

28. Admission Fee को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

29. Dearness Allowance को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

30. Health Minister को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1



Scanned with OKEN Scanner

## खण्ड – 'ङ'
### (लेखन – 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं। आपके स्कूल में मनाए जा रहे एक समारेह में आप को (क) 'खेल-कूद का महत्व' अथवा (ख) 'इंटरनेट के लाभ' विषय पर भाषण देना है। इसलिए आप इन दोनों विषयों में से किसी एक पर लगभग 160 शब्दों में एक भाषण लिखिए। 8

32. मान लीजिए कि आप 'मणिपुर एक्सप्रेस' नामक एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए (क) 'टेलीविजन : लाभ और हानियाँ' अथवा (ख) 'विद्यार्थी और अनुशासन' विषय पर एक सम्पादकीय लेख लगभग 150 शब्दों में लिखिए। 7

## खण्ड – 'च'
### (व्याकरण – 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 से 42 तक के उत्तर लगभग एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

33. उपवाक्य किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

34. पदबंध और उपवाक्य का अन्तर सोदाहरण लिखिए। 2

35. संज्ञा उपवाक्य किसे कहते है? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

36. क्रियाविशेषण पदबंध किसे कहते हैं? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

37. 'अस्त्र' और 'शस्त्र'— इन दोनों समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

38. परीक्षा तो प्रत्येक वर्ष ही होती है।
— उपर्युक्त वाक्य को शुद्ध कीजिए। 1

39. 'कलेजे पर सांप लोटना' मुहावरे का अर्थ बताकर इस मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

40. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ बताकर इस मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

41. 'अपनी गली में कुत्ता भी शेर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

42. 'चार दिन की चाँदनी, फिर अंधेरी रात' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

---

No. of Copies 100



Scanned with OKEN Scanner